हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

**Ref. No. HNBGU/IIC/2023/002** **Date: 08/October/2022**

**Subject: Innovation Day Celebrations**

**<u>प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम</u>**

प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभागी काश्तकारों को जैविक खेती से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी....

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अन्नपूर्णा नौटियाल के दिशा निर्देशन में राज्य में बागवानी के समग्र विकास एवं विस्तार के साथ-साथ काश्तकारों की आजीविका वृद्धि हेतु विश्वविद्यालय उद्यान विभाग द्वारा चौरास परिसर में लगातार कृषक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यशालाओं की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 08 अक्टूबर 2022 को परम्परागत कृषि विकास योजना (PKVY) के अंतर्गत शील बायोटेक लिमिटेड, नयी दिल्ली एवं उद्यान विभाग, टिहरी गढ़वाल के सहयोग से बदयारगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के 50 से अधिक ग्रामीण काश्तकारों को उद्यान विभाग हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्विधालय में प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण कराया गया ।

प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभागी काश्तकारों को जैविक बागवानी उत्पादन हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ जैविक खेती से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी।

उद्यानिकी विभागाध्यक्ष, डॉ० डी० के० राणा द्वारा काश्तकारों को संबोधित करते हुए संरक्षित सब्जी उत्पादन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां काश्तकारों से साझा की । डॉ० राणा द्वारा आश्वासन दिया गया कि विश्वविद्यालय उघान विभाग के सभी शिक्षक एवं वैज्ञानिक भविष्य में शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार गतिविधियों का समन्वय बनाए रखेंगे ।

उद्यानिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ० तेजपाल सिंह बिष्ट द्वारा द्वारा परंपरागत कृषि विकास योजना पर जोर देते हुए काश्तकारों को आजिविका वर्धन एवं आमदनी दोगुनी करने हेतु वैज्ञानिक पद्धति से बागवानी करने का सुझाव दिया साथ ही साथ उघान शोध प्रक्षेत्र में वैज्ञानिक बागवानी तकनिकियों एवं विभिन्न नवीनतम विधियों का प्रदर्शन दिखाया एवं रोग एवं कीटो को जैविक विधि से कैसे रोकथाम की जाये विषय पर प्रयोगात्मक तरीके से जानकारी दी। ताकी प्रत्येक काश्तकार प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को अपने खेत में अपना सके ।

डॉ. नसीरुद्दीन शाह एवं डॉ. विवेक द्वारा कास्तकारो को सफल नर्सरी उत्पादन पर प्रयोगात्मक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान शील बायोटेक लिमिटेड से आये अधिकारियो एवं ग्रामीण कास्तकारो ने अपनी विभिन्न समस्याओ को वैज्ञानिको के समक्ष रखा, जिसका विभाग के वैज्ञानिको द्वारा समाधान भी किया गया।

INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL
(Ministry of HRD Initiative)

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

**Ref. No. HNBGU/IIC/2023/002** **Date: 08/October/2022**




